nwda.gov.in

24 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे पीएम

मोदी 17 को पार्वती-चंबल, 26 से पहले केन-बेतवा प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करेंगे

भोपाल| मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच बनने वाली दो महत्वपूर्ण नदी जोड़ो परियोजना इसी महीने आकार लेने लगेंगी। पार्वती-कालीसिंध-चंबल और राजस्थान ईस्टन कैनाल प्रोजेक्ट परियोजना (पीकेसी-ईआरसीपी) का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 दिसंबर को जयपुर में भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद 26 दिसंबर से पहले छतरपुर में मप्र और उप्र के बीच केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के लिए दौधन डैम की भी आधारशिला रखेंगे। - शेष पेज 6 पर

सीएम ने कहा कि 17 दिसंबर को पीकेसी परियोजना से लाभान्वित होने वाले उज्जैन और ग्वालियर संभाग के 11 जिलों में किसान सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।